1	2	3
8.	तरूण भारत संघ, जिला अलवर	64,300/-रुपये
9.	राजस्थान पर्यावरण परिरक्षण समिति जयपुर	75,000/-रुपये
	कुल :	3,46,800/-रुपये

Disputes over Revision of Electoral Rolls

187. SHRI CHITTA BASU: Will the Minister of LAW AND JUSTICE be pleased to state:

(a) whether the long-pending disputes over the revisions of electoral rolls have since been resolved;

(b) the nature of the disputes;

(c) what is the attitude of the Central Government in regard to the disputes; and

(d) what steps have so far been taken for the resolution of the disputes?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY of LAW AND JUSTICE (SHRI HANSRAJ BHARDWAJ):(a) to (d) It is not clear which are the disputes referred to. The revision of electoral rolls by the Election Commission is a continuous process. In order to keep the electoral rools up-to-date and in as perfect a condition as possible the Election Commission undertakes an annual revision of the rolls. Well settled procedures laid down by the Election Commission exist for such a revision of electoral rolls and also for rectifying deficiencies which may come to notice through a special revision.

पुणे में बम्बई उच्च न्यायालय की न्यायपीठ

188. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल:** क्या विधि और न्याय मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को पुणे में बम्बई उच्च न्यायालय की एक न्यायपीठ स्थापित किये जाने के लिये कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं; और

(ख) यदि हां, तो उन पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

विधि और न्याय मंत्री तथा जल संसाधन मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द): (क) जी, हां।

(ख) औरंगाबाद में न्यायपीठ स्थापित किए जाने के पश्चात् राज्य सरकार ने पुणे में न्यायपीठ स्थापित करने के प्रस्ताव पर जोर नहीं दिया है।

कर अपवंचकों का पता लगाने के लिए बम्बई में मारे गए छापे

189. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल:** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि बम्बई में कर-अपवंचकों और काले धन के जमाखोरों के आवासीय तथा व्यावसायिक परिसरों पर हाल में छापे मारे गए थे;

(ख) यदि हां, तो ऐसे छापों का ब्यौरा क्या है;

(ग) इस संबंध में कितने व्यक्तियों को पकड़ा गया; और

(घ) ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की जा रही है?

वित्त मंत्रालय में राजस्व विभाग में राज्य मंत्री (श्री अजीत पांजा): (क) और (ख) जी, हां। जनवरी, 1989 के महीने के दौरान आयकर विभाग ने बम्बई में 147 तलाशियां लीं। इन